हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025



# अब एंट्री से पहले किसानों की फोटो लेगी समितियां, मंडी में खरीददारों की बन रही सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी के दौरान अवैध तरीके से धान खपाने की जुगत में जुटे कोचियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। वहीं कोचियों के अवैध खेल को समाप्त करने के लिए कई नए निर्णय भी लिए गए हैं। जिसके तहत जहां एक तरफ सरकारी धान खरीदी केंद्रों में धान बेचने के लिए पहुंच रहे किसानों की एंट्री पाइंट में ही फोटो ली जा रही है। वहीं मंडी में धान खरीदने वाले लोगों की भी सूची बनाई जा रही है।

इन दोनों ही कामों से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी तरीके से अवैध धान बिक्री के लिए ना पहुंच पाए। दूसरी तरफ प्रशासन की टीमें कोचियों के ठिकानों पर पहुंचकर लगातार कार्रवाई करने में जुटी हुई है। अब तक जिले में चार करोड़ से अधिक रुपए का अवैध धान भी जब्त किया जा चुका है। प्रशासन की कार्रवाई के चलते कोचियों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

इधर गुरुवार को भी जिले में धान खरीदी की रफ्तार धीमी ही बनी रही। बताया गया कि अब तक समितियों के खरीदी टारगेट को बढ़ाया नहीं गया है। जिसके चलते गिनती के किसान ही अपनी उपज बेच पा रहे है। गुरुवार तक की खरीदी आंकड़े के अनुसार राजनांदगांव जिले में 13784 किसानों से 697384 क्विंटल, केसीजी जिले में 6679 किसानों से 406518 क्विंटल एवं एमएमसी जिले में 2736 किसानों से 121605 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं खरीदी के बाद ऋणी किसानों से लिकिंग के जरिए कर्ज की वसूली भी की जा रही है।

## अवैध धान के खिलाफ प्रशासन की मुहिम तेज, अब तक चार करोड़ से अधिक का धान पकड़ाया

### सख्ती से मंडी में आवक घटी

मंडी में रोजाना होने वाली धान नीलामी में धान की खरीदी करने वाले व्यापारियों की सूची तैयार की जा रही है। किस व्यापारी ने कितना धान खरीदा है, इसका पूरा डाटा तैयार किया जा रहा है। वहीं यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिस व्यापारी ने धान खरीदा है, वह उस धान को सरकारी खरीदी में तो उपयोग नहीं कर रहा है। प्रशासन की सख्ती का ही नतीजा है कि पिछले सालों के मुकाबले इस बार धान की आवक मंडी में कम हो गई है।



### धान और वाहन के साथ किसान की तस्वीर

इस बार सॉफ्टवेयर में ही बदलाव करते धान बेचने के लिए पहुंचने वाले किसान की तस्वीर लेने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही किसान जिस वाहन में धान रखकर ला रहा है, उसके साथ भी उसकी तस्वीर ली जा रही है। बताया गया कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी धान खरीदी केंद्रों के बाहर सत्यापन अफसर तैनात किया गया है।

### पोर्टल में जानकारी सुधरवाने भीड़

एकीकृत पोर्टल में दर्ज किसानों की जानकारी में गलती होने पर संशोधन की सुविधा भी सरकार द्वारा दी गई है। आगामी 30 नवंबर तक सभी सहकारी समितियों के जरिये किसानों की जानकारी सुधार किया जा रहा है। हजारों किसान संशोधन कराने के लिए पहुंच रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले 18 नवंबर से संशोधन की छूट के साथ पोर्टल खोला गया है।

## युवक गंभीर रूप से घायल, रायपुर में ईलाज जारी

# मानव मंदिर चौक में युवक पर चाकू से वार, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मानव मंदिर चौक के पास बीती रात मेडिकल दुकान में आए एक युवक पर आरोपी ने विवाद करते चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शहर के बीच हुए इस घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई थी। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात लगभग 11.8 बजे पुलिस को सूचना मिली कि लक्ष्मी मेडिकल स्टोर मानव मंदिर चौक में एक आरोपी द्वारा एक युवक को चाकू मारकर घायल किया गया है, जिस पर सिटी कॉम्बिंग गश्त में निकली पुलिस की पूरी टीम घटनास्थल पहुंची। घायल युवक अनूप यादव उर्फ मुंडु यादव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव ले जाकर उपचार हेतु ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार पश्चात रायपुर चिकित्सालय के लिए रिफर किया गया।

## मेडिकल दुकान के भीतर घुसकर प्रार्थी पर किया कई वार





### निकाला जुलूस

मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद अगले दिन गुरुवार को शहर में उसका जुलूस निकाला गया। आरोपी को पैदल कोर्ट तक ले जाया गया।

### युवक गंभीर रूप से घायल

इस मामले में चाकू के वार से प्रार्थी अनूप यादव बुरी तरह से जख्मी हो गया। पहले उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के लिए उसे रायपुर रिफर कर दिया गया। रायपुर के एक निजी अस्पताल में युवक का इलाज जारी है। बताया गया कि युवक गंभीर रूप से घायल है।

### मामला दर्ज

घायल अनूप यादव उर्फ मुंडु यादव के पिता राजेश कुमार यादव 50 वर्ष मोती तालाब के पास बल्देवबाग से पूछताछ पर आरोपी महफूज खान द्वारा अनूप यादव उर्फ मुंडु यादव के गले, सीना, हाथ व पैर में चाकू से प्राणघातक वार कर गंभीर रूप से घायल करना बताया गया। रिपोर्ट पर धारा 109 (1) बीएनएस, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### आरोपी गिरफ्तार, चाकू-मोपेड जब्त

शहर के बीच चौक में हुए इस चाकूबाजी की घटना जैसे ही लोगों को पता चली, क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मौके पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा सहित अन्य अधिकारी स्टाफ पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल एवं स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने रात्रि में ही आरोपी मोहम्मद महफूज शेख 28 वर्ष शांतिनगर गली नंबर 2 को तलाश कर हिरासत में लेकर थाना लाया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ पर जुर्म स्वीकार किया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक बटनदार चाकू एवं स्कूटी वाहन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर 27 नवंबर को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

# जमीन की बढ़ी सरकारी दरों के खिलाफ दिखा आक्रोश, आदेश वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से मिलकर कारोबार से जुड़े लोगों ने की मुलाकात
- बढ़े दर वापस लेने की रखी गई मांग

जमीन दरों में हुई वृद्धि के बाद जमीन कारोबार से जुड़े लोगों ने इस बढ़ोत्तरी को अनुचित बताते शहर के गुरूनानक चौक के समीप प्रदर्शन किया। वहीं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते प्रदेश सरकार से जमीन के दामों में की गई वृद्धि को वापस लेने मांग की।

जमीन कारोबार से जुड़े लोगों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि 20 नवंबर को शासन द्वारा अचानक संपत्ति की गाईड लाइन दर में वृद्धि किया गया है, जो पूर्व गाईड लाइन की तुलना में बहुत ही ज्यादा बढ़ोत्तरी की गई है। जिससे हर वर्ग को जमीन, मकान क्रय-विक्रय करने में अत्याधिक आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अचानक गाईड लाइन का अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी किया जाना अनुचित है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से अपने प्रदर्शन के दौरान मांग की है कि बढ़ाई गई दर पर पुनः विचार किया जाए।



**बढ़ी दर वापस लेने मांग:** जमीन कारोबार से जुड़े प्रदर्शनकारी सतीश साहू ने कहा कि पहले जिसे रजिस्ट्री का खर्च एक लाख लग रहा था, उन्हें अब 3 लाख की रजिस्ट्री खर्च लग रहा है। आम जनता प्लाट नहीं ले पा रही है। इतनी वृद्धि हो गई है कि रजिस्ट्री कम हो गई है। उन्होंने मांग करते कहा कि इसमें संशोधन करके बढ़ी हुई दर वापस लेना चाहिए, यह अनुचित वृद्धि है।

### गाईड लाइन से आक्रोश

प्रदर्शनकारी राजेश पारख ने कहा कि राज्य सरकार की गाईड लाइन से सभी में आक्रोश है। बिना किसी मूल्यांकन परीक्षण के इस दर को लागू कर दिया गया है। यह रेट मार्च में बढ़ाया जाता था, लेकिन इसे अभी लागू किया गया, जहां 8 लाख एकड़ का रेट था, वहां अब 25 से 40 लख रुपए रेट हो गया है।

### रजिस्ट्री खर्च वहन करना भी मुश्किल

जमीन कारोबार से जुड़े लोगों को इस बढ़ोत्तरी से खरीदी-बिक्री में काफी दिक्कत हो रही है। जमीन की रेट बढ़ने से सौदे में भी कमी आई है। जिसके चलते जमीन का कारोबार ठप हो रहा है। वहीं दरों में बढ़ोत्तरी होने के चलते आम लोग भी जमीन नहीं खरीद पाएंगे। जमीन का रेट बढ़ाए जाने से स्टॉम्प ड्यूटी भी बढ़कर लगभग तीन गुना हो गई है। जिससे आम लोगों का रजिस्ट्री खर्च वहन करना भी मुश्किल हो रहा है।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर, 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविदं ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर, 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222. संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# स्वदेशी जागरण यात्रा का शुभारंभ, विधानसभा अध्यक्ष रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्वदेशी उत्पाद अपने को लेकर देशभर में निकाली जा रही स्वदेशी जागरण रथयात्रा आज शहर पहुंची। राजनांदगांव से छत्तीसगढ़ प्रदेश में इस यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल हुए और उन्होंने लोगों से स्वदेशी अपनाने अपील की।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संचालित स्वदेशी संकल्प यात्रा का प्रदेश में शुभारंभ करने के लिए शहर के गुरूनानक चौक पर कार्यक्रम का आयोजन करते यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा 27 नवंबर से 21 दिसंबर तक प्रदेश के विभिन्न जिलों, गांव, कस्बों का भ्रमण करते प्रदेश में 2500 किलोमीटर की यात्रा पूरी करेगी। इस यात्रा के माध्यम से लोगों में स्वदेशी अपनाने जन-जागरूकता फैलाई जाएगी। स्वदेशी, स्वालंबन, स्वराज और स्वाभिमान को लेकर निकाली गई इस यात्रा की प्रदेश में शुरूआत अवसर पर लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए शपथ दिलाया गया। वहीं लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने अपील की गई।

### बंग-भंग आंदोलन से उपजा स्वदेशी

यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। यह देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान भी है। उन्होंने मंच से संबोधित करते कहा कि स्वदेशी का जागरण बंगाल के विभाजन के साथ बंग-भंग आंदोलन से उपजा। स्वदेशी आंदोलन सैकड़ों साल के बाद भी आज लोगों के मन-मस्तिष्क में है।

### गूंजे जय स्वदेशी के नारे

स्वदेशी संकल्प यात्रा के शहर पहुंचते ही जय स्वदेशी के नारे गूंजने लगे। लोगों ने हाथ में तख्ती लेकर स्वदेशी उत्पादों को खरीदने लोगों से अपील की। इस आयोजन के दौरान महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, स्वदेशी यात्रा से जुड़े विष्णु साव, राजू डागा, राजकुमार शर्मा सहित उद्योग जगत के लोग और स्थानीय व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# सर्विस रोड में युवक पर चाकू से हमला, नगदी लूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक निजी होटल में हलवाई का कार्य करने जा रहे बुजुर्ग और एक युवक से बाइक सवार अज्ञात आरोपियों ने नगदी रकम एवं मोबाइल की लूट कर ली। बीच-बचाव करने पर युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी धन्ना ज्ञानी राम बरडे 66 वर्ष सेंद्रीटोला पिनकेपार गोंदिया निवासी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह और उसके गांव का ओमप्रकाश चक्रवर्ती 34 वर्ष मिलकर हलवाई का काम करते हैं। ठेकेदार द्वारा उन्हें सोमनी स्थित एक होटल में हलवाई आईस्क्रीम फलूदा बनाने के लिए बुलाया था, जिस पर वे गोंदिया से ट्रेन से आए और स्टेशन से पैदल होटल की ओर जा रहे थे। कि लगभग 01 बजे ट्रेक्टर शो-रूम एवं राम दरबार के बीच बाइक में सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रोककर प्रार्थी से 600 रुपए और ओमप्रकाश के पास रखे 4500 रुपए व एक मोबाइल को छीन लिए। बीच-बचाव करने पर ओमप्रकाश पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन
उपलब्ध सुविधाएं...
- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बिमारियों का ऑपरेशन
- आमाशय एवं अग्नाशय की बिमारियों का ऑपरेशन
- मलद्वार का बाहर आ जाना, हाईड्रोसील का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन, स्तन के गांव का ऑपरेशन
- तापतिल्ली (स्प्लीन वृषण ट्यूमर)
- सभी प्रकार के लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन

डॉ. देवांगन पॉल चौधरी
MBBS, MS, FMAS, FILP
OPD : 10 AM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### प्रभारी प्राचार्य देवांगन हुए पदोन्नत



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के प्रभारी प्राचार्य आरके देवांगन का प्राचार्य के पद पर पदोन्नति हुई है। यह उपलब्धि उन्हें व्याख्याता बनने के 27 साल बाद प्राप्त हुई है। श्री देवांगन की पदोन्नति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, अजय पाठक, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, सी पी सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, बिंदु पटेल, बिंदु साहू आदि ने बधाई दी है।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को विदाई



**जेवरतला रोड।** सेवानिवृत होने पर संकुल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानपाठक जगदेव राम सिंह, शिक्षक तुलसीराम देवांगन को ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य यू उके, सरपंच महेश्वरी चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, दुर्गेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे। यह जानकारी लक्ष्मण कुमार साहू ने दी।

### जंघेल ने जमा किया गणना पत्रक



**सड़क अतरिया।** खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र घिरघोली में गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत पूर्व विधायक कोमल जंघेल मतदान केंद्र पहुंचकर अवलोकन किया। उन्होंने अपना व परिजनों का गणना पत्रक जमा किया। उन्होंने पुनरीक्षण कार्य में जुटे शिक्षक जनक धर्वे, बीएलओ सुनीता सेन आदि को महत्वपूर्ण कार्य को बखूबी से करने पर बधाई दी।

### बीरेन्द्र बने समाज के प्रदेश महामंत्री



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने छत्तीसगढ़ इकाई में परिवर्तन करते हुए डोंगरगढ़ के समाजसेवी वीरेंद्र अग्रवाल को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल की अनुशंसा से अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने की है। नवनियुक्त महामंत्री वीरेंद्र अग्रवाल लंबे समय से समाज एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। श्री अग्रवाल ने नियुक्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह संगठन को मजबूत करने, युवा शक्ति को जोड़ने तथा समाजहित में नई पहलों को आगे बढ़ाने के लिए निष्ठा से कार्य करेंगे। अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हे बधाई दी है।

### मतदाता पुनरीक्षण का लिया जायजा



**खड़गांव।** भाजपा नेता चेतन साहू ने गत दिनों मानपुर, भरीटोला पहुंचकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने भरींटोला के बूथ क्रमांक 189 और 190 में आवश्यक दस्तावेज़ों की जांच, नई प्रविष्टियों के सत्यापन, स्थान परिवर्तन और नाम हटाने जैसी प्रक्रियाओं में सहयोग दिया। उन्होंने फॉर्म 6, फॉर्म 7 और फॉर्म 8 भरने में लोगों की मदद की। उन्होंने मतदाताओं से सूची का पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने का आव्हान किया।

### बाल मेला का रंगारंग आयोजन



**डोंगरगांव।** शासकीय हाईस्कूल एवं माध्यमिक शाला जारवाही के तत्वावधान में गत दिनों बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला का शुभारंभ जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि श्रीमती यदु ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार विभिन्न व्यंजनों को क्रय कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को नई दिशा मिलती है। अध्यक्षता मंडल भाजपा अध्यक्ष जागेश्वर यादव ने की। सरपंच सुनीता पटेल ने स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर बुधराम साहू, रामदास पटेल, रामजी चंद्रवंशी, उलय कंवर, लोनूराम कंवर, हेमराज कंवर, जितेंद्र कंवर, उमीन पटेल, ओमबाई, ननकी कंवर, लताबाई, हेमबाई भारती, विजय मेश्राम, प्राचार्य श्री चंद्रवंशी, श्री डहरे, श्री दामले, सुचिता साहू, मंडावी मैडम, मधुबाला बघेल, श्री देवांगन, श्री सोनवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### कमलादेवी सिंह



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत बोरतलाव के पूर्व सरपंच केडी सिंह की धर्मपत्नी कमलादेवी सिंह का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर राजपूत समाज सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

### मनीष सिंह चंदेल



**घुमका।** घुमका वार्ड क्रमांक 2 के 41 वर्षीय मनीष सिंह चंदेल का आकस्मिक निधन बुधवार रात्रि को हो गया। गुरुवार को 11.30 बजे निज निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई। अंतिम यात्रा में परिवार व सामाजिक बंधु सहित नगर के लोग शामिल हुए। वे अपने पीछे एक पुत्र व एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। वे नवनीत सिंह चंदेल के बड़े भाई थे।

## धान बेचने भटक रहा किसान, एसडीएम से शिकायत

# धान में अधिक नमी बताकर परेशान करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ग्राम करेठी के एक किसान ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदने में हीला हवाला कर परेशान करने का आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत की है।

सेवा सहकारी समिति ग्राम बादरटोला के अधीन आने वाले ग्राम करेठी के चंद्रशेखर साहू ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी मां पुसईबाई साहू के नाम पर कृषि भूमि है। गत 26 नवंबर को सेवा सहकारी समिति बादटोला में धान बेचने के लिए 100 क्विटंल का टोकन कटा था। जब धान लेकर सोसायटी पहुंचे तो समिति प्रबंधक ने धान में 20 प्रतिशत नमी होना बताकर धान लेने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि 27 नवंबर को सेवा सहकारी समिति बादराटोला में धान की नमी चेक कराया गया तो 16 प्रतिशत होना बताया गया।



### तौल को लेकर शिकायत

उन्होंने शिकायत में यह बताया कि नियमों का उल्लंघन करते हुए प्रति कट्टा 41 किलो तौला जा रहा है जबकि शासन के निर्देशानुसार 40 किलो 700 ग्राम तौलना है। उन्होंने कहा कि धान खरीदने में मनमानी की जा रही है और विरोध करने पर पर्चा को लाल स्याही से काट देने की धमकी दी जाती है। उन्होंने कहा कि उन्हे धान में नमी होना बताकर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### खरीदी के बाद किसानों को रसीद देने की मांग

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। विधायक बघेल ने नियमों के उल्लंघन और विभागीय लापरवाही पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर से समस्याओं के समाधान की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में धान खरीदी केंद्रों में पावती नहीं देने पर आपत्ति जताते हुए बताया कि स्पष्ट प्रावधान है कि धान खरीदी बाद किसानों को पावती दी किन्तु विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में किसानों को पावती नहीं दी जा रही है। पावती नहीं मिलने से किसान उपज की बिक्री का आधिकारिक प्रमाण प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं।उन्होंने पूरे रकबे का पंजीयन करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि अनेक किसानों की भूमि के पूरे रकबे का पंजीयन नहीं हुआ है। किसान लंबे समय से पंजीयन के लिए प्रयास कर रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक शिथिलता के कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदा से फसल को काफी नुकसान हुआ है जिसका अब तक सर्वे नहीं हुआ है और न प्रभावित किसानों को मुआवजा मिला है। उन्होंने फसल का सर्वे कराने और प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग रखा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान फूलमती वर्मा, जय कुमार वर्मा, पीयूष दुबे, खेमचंद, पप्पू वर्मा, पीतांबर निषाद, रामचंद्र वर्मा, राकेश वर्मा, छन्नू आडिल, नारायण यादव, प्रहलाद यादव, संतोष देवांगन, जितेंद्र साहू, खुमान साहू, कैलाश शर्मा, एकांत दुबे, ओंकार वर्मा, दानी वर्मा, लक्ष्मण वर्मा आदि उपस्थित थे।

### धान खरीदी में आ रही तेजी

**खड़गांव।** वनांचल के मुरारगोटा, कोसमी, पैंदूर, गुड़ियागढ़, ढोकला, संबलपुर, सरोली, भठगांव, बोरिया, खरदी में धान कटाई और मिंलाई में तेजी आ गई है। किसान और उनके परिजन सुबह से खेतों की ओर रूख कर धान की कटाई में जुट जाते है। जिन किसानों ने कटाई कर लिया है वह मिंजाई करने जुटे है। धान कटाई और मिंजाई कार्य के लिए किसानों को मजदूर नहीं मिल रहे हैं। वहीं धान खरीदी केन्द्रों में दिनों दिन धान की आवक बढ़ रही है। खरीदी केन्द्रों में किसानों की भीड़ देखने मिल रही है। किसानों का कहना है कि अन्य वर्ष की तुलना तक इस वर्ष धान का उत्पादन कम हुआ है जिसका सबसे बड़ा कारण दीपावली के समय बारिश को माना जा रहा है। कोचियों द्वारा गांव गांव जाकर किसानों का धान खरीदा जा रहा है। यह लोग किसानों को तत्काल भुगतान कर रहे है। वहीं धान का कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन द्वारा छापेमार कार्रवाई की जा रही है।

### देवेंद्र साखरे हुए पुरस्कृत



**डोंगरगढ़।** भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय ने देवेंद्र साखरे का चयन राष्ट्रीय सिल्वर स्टार पुरस्कार के लिए चुना है। स्काउटिंग के क्षेत्र में विभिन्न उपलब्धियां के आधार पर यह पुरस्कार उन्हे प्रदान किया गया। श्री साखरे 40 वर्षों से स्काउटिंग प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें पूर्व राष्ट्रपति आर वेंकटरमन, पूर्व राष्ट्रपति के नारायण, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव भी पुरस्कृत कर चुक है। वर्तमान में वह 19 वीं राष्ट्रीय नेशनल जंबूरी लखनऊ में स्टाफ के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह पुरस्कार 26 नवंबर को उत्तरप्रदेश के राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदान किया। भारत स्काउट गाइड फेलोशिप के सदस्यों ने उन्हे बधाई दी है।

## भाजपा नेता ने धान खरीदी का लिया जायजा



**खुज्जी।** स्थानीय धान खरीदी केंद्र का जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने निरीक्षण किया तथा किसानों से मुलाकात कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं को सुना। उन्होंने केंद्रों में किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। श्री गांधी ने धान बेचने आए किसानों से खरीदी प्रक्रिया की जानकारी ली तथा उनके अनुभवों के बारे में पूछा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धान खरीदी में पारदर्शिता एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नमी मापक यंत्र, तौल मशीन और पंजीयन रजिस्टर का सही उपयोग और रखरखाव के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री गांधी ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में किसानों को परेशानी न हो और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, पार्षद कोमल साहू, तखतराम सोनकर, लोकुराम ठाकुर, नंदू विश्वकर्मा, हेमंत देवांगन, ठाकुर मुक्ता, गंगाराम, जितेंद्र सोनकर, संजय, डेरहा राजपूत, गगन, श्यामलाल, प्रतिम, गोविंद, गोदावरी, राजू सहित अन्य उपस्थित थे।

### गहन मतदाता पुनरीक्षण जारी



**डोंगरगढ़।** ग्राम घोटिया में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य जोरों से चल रहा है। ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने गत दिनों बीएलओ से मिलकर जानकारी ली। बीएलओ ने बताया कि घोटिया में कुल मतदाता 956 है। प्रत्येक घरों तक गणना पत्रक पहुंचा दिया गया है। अब तक 680 फॉर्म ऑनलाइन दर्ज किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नेट स्लो होने के कारण फार्म ऑनलाइन करने में असुविधा हो रही है।शिक्षक देवेंद्र नागर, महेंद्र गायकवाड़, लक्ष्मण भगत फार्म को ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं। बीएलओ फुलकेशर नेताम और सहायक हिरोंदी बाई कार्य में लगातार जुटी हैं।

## नगर अध्यक्ष ने किया मितानिनों का सम्मान



**अंबागढ़ चौकी।** मितानिन दिवस पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने निकाय क्षेत्र में कार्यरत मितानिनों का सम्मान किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष ने अल्प मानदेय में कार्य करने वाली मितानिनों के सेवाभाव एवं विकास में मिल रहे सहयोग की सराहना की। नगर पंचायत के सभागृह में अध्यक्ष मानिकपुरी ने मितानिनो को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर उपयंत्री योगेश्वर सिंह ठाकुर, भास्कर ठाकुर, उर्मिला पटेल, चित्ररेखा सलामे, पलक ताम्रकार, गीतेश्वरी अमिला, गुणेश्वरी अमिला, रंजीता देवांगन, सरस्वती वर्मा, जुलेखा बेगम, दुर्गा यादव, चंपा साहू, कल्पना विश्वकर्मा, पदमा माहेश्वरी, उमा बोरकर आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने लिया विकास कार्यों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विभागीय योजनाओं और विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत प्रस्तावित लाइवलीहुड कॉलेज स्थापना के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने भूमि की उपलब्धता, पहुंच मार्ग, उपयोगिता और आवश्यक सुविधाओं की जानकारी लेते हुए सर्वोत्तम विकल्प का चयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगर पंचायत क्षेत्र में पान कैफे स्थापना हेतु चुनी गई भूमि का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने महोबिया समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर प्रस्तावित गतिविधियों और आवश्यकताओं पर चर्चा की।



### समय पर करें काम

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने कहा कि विकास कार्यों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए स्थल निरीक्षण आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएँ जन-हित को सर्वोपरि रखते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएँ। निरीक्षण दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम छुईखदान अविनाश ठाकुर, जनपद सीईओ केशवरी देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

### बुनकर भवन और शो रूम का अवलोकन

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने नवनिर्मित बुनकर भवन का अवलोकन किया। उन्होंने भवन में स्थापित किए जा रहे हथकरघा उपकरणों और कार्यस्थल की सुविधाओं को देखा। उन्होंने भवन में बनाए गए नए शो–रूम को भी देखा। यहां बुनकरों द्वारा निर्मित साड़ी, गमछा, स्टोल, परिधान तथा अन्य वस्त्र बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। कलेक्टर ने उत्पाद प्रदर्शन, बिक्री व्यवस्था और विपणन संभावनाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बेताल रानी माता मंदिर परिसर में निर्मित देवगुड़ी का निरीक्षण किया।

## स्कूल, कॉलेजों में संविधान दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

# संविधान की महत्ता पर चर्चा, रक्षा का लोगों ने लिया संकल्प







हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में बुधवार को प्राचार्य डॉ .अंजना ठाकुर की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि कमलादेवी महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक कृष्णकांत द्विवेदी थे। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने देश की एकता, अखंडता की रक्षा का संकल्प लिया। प्राचार्य ने संविधान की महत्ता प्रदर्शित किया। तत्पश्चात श्री द्विवेदी ने संविधान निर्माण, नीति निदेशक सिद्धांतों एवं उनकी बारीकियों पर अपने विचार व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता में गीतांजलि, गणेश्वरी, देव्यानी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता संजूसिंह, डॉ काव्या जैन, कंचन साहू, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, ओमप्रकाश सहारे, हरवंश चौरगे, डॉ हेमलता विरदी, मोनिश खान, हिमानी साहू, चंद्रकांत कुंभकार मौजूद थे। कार्यक्रम का संयोजन ज्ञानेश्वर देवांगन एवं संचालन शुभि जैन ने किया।

### संविधान के महत्ता पर डाला प्रकाश



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में संविधान दिवस के मौके पर हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रूपाली ने अंग्रेजी तथा पारुल ने गीत, अंजलि, प्रियंका, हेमलता ने अपने भाषण से संविधान के महत्व को बताते हुए गुणगान किया। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने संविधान पर स्वरचित कविता का पाठ किया। अध्यक्षता करते हुए व्याख्याता टीएल देवांगन ने कहा कि हमारा संविधान कठोर और लचीला है जिससे हमें ताकत मिलती है। गलतियों को सुधारने का मौका मिलता है। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। अंत में संविधान के उद्देशिका का वाचन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, सीपी सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, बिंदु पटेल, बिंदु साहू आदि उपस्थित थे।

### छात्र- छात्राओं ने लिया शपथ

**गंडई पंडरिया।** देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई के राजनीति विज्ञान विभाग ने संविधान दिवस के मौके पर शपथ ग्रहण एवं व्याख्यान का आयोजन किया। अध्यक्षता करते हुए डॉ एनएस वर्मा ने छात्र-छात्राओं को संविधान की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि अधिवक्ता गोविंद जंघेल ने भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता मोहित वर्मा और राजेश चतुर्वेदी थे। संचालन राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष टीएल वर्मा, आभार प्रदर्शन बीआर वर्मा ने किया।

### अंबेडकर को किया नमन

**डोंगरगढ़।** संविधान दिवस के अवसर पर तहसील कार्यालय में पहुंचकर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर सहित सामाजिकजनों ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित किया। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर केवल तारीख नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती और जनता की सर्वोच्चता का प्रतीक है। उन्होंने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि संविधान सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे की आधारशिला है, जिसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में भंते कुमार कश्यप, मुन्नालाल नंदेश्वर, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, धीरज मेश्राम, भगवती वर्मा, जयकिशोर अम्बादे, राजकुमार नंदेश्वर, सिद्धार्थ नागदेवे, दीपक साखरे, मनोज गजभिए, योगेश चौरे, अमिताभ दुफारे, निर्भय चौखान्द्रे, विशाल टेंभुरकर, दीपक ऊके, अमन जनबंधु, किरण मेश्राम, बिंदु अम्बादे, रेखा सहारे, लोकेश इंदुरकर, गुड्डा सरजारे सहित अन्य उपस्थित थे।



## सार समाचार

### जिपं सीईओ ने ली समिति की बैठक

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गौधाम योजना के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक ली। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि गौधाम योजना के अंतर्गत पहले चरण में प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में गौधाम स्थापित किया जाना है। गौधाम में स्थानीय निकायों द्वारा निराश्रित घुमंतू पशु, जब्त गौवंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर जीवनलाल जंघेल, अतुल विश्वकर्मा, टीकम सिंह ठाकुर, डॉ. अनूप चटर्जी, पशुधन विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की



शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलता पूर्वक सुना। कलेक्टर यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए।

### यादव ने ग्रहण किया पदभार

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने गुरुवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के प्राधिकृत अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ नवा रायपुर के आदेशानुसार कलेक्टर जितेन्द्र यादव को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव का प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के निर्वाचित बोर्ड का कार्यकाल समाप्त हो जाने पर निर्वाचित बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करने हेतु कलेक्टर को प्रशासनिक दृष्टिकोण से प्राधिकृत किया गया है।

### स्टेशनपारा में मनाया गया दीपावली मिलन

**राजनांदगांव।** संस्कृत भारती राजनांदगांव द्वारा बीते दिनों बालाजी मंदिर स्टेशनपारा में दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में




संस्कृत भारती की जिला मंत्री डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा द्वारा संस्कृत के गीतों द्वारा दीपावली त्यौहार की महत्ता को बताया गया। नगराध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय द्वारा काव्य पाठ किया गया। अपर्णा साहू द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग इत्यादि का श्लोक वाचन किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने एक साथ गीता के द्वादश अध्याय का वाचन किया। कार्यक्रम में प्रांत शिक्षण प्रमुख नरेन्द्र साहू, नरेन्द्र धमगेश्वर, सतीश तिवारी, पिंकी साहू, संगीता गुप्ता, माधवी लता इत्यादि उपस्थित रहे।

### बी फॉर्मेसी का परीक्षा परिणाम घोषित

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी का विगत दिवस घोषित बी. फॉर्मेसी चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन



करते मयंक ने 79.2 प्रतिशत प्रथम, रिया ने 78.8 प्रतिशत द्वितीय, तिलेश्वर ने 77.8 प्रतिशत तृतीय, मौली ने 77.5 प्रतिशत के साथ चतुर्थ एवं प्रियांशु ने 76.4 प्रतिशत के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान की उत्कृष्ट पढ़ाई, बेहतर व्यवस्था, शिक्षा योग्य वातावरण एवं प्राचार्य डॉ. टी. कुमार व शिक्षकों को दिया। प्रबंधक ललित अग्रवाल एवं अतुल देशलहरा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते आशीर्वाद प्रदान किया।

### महाविद्यालय में संविधान दिवस पर विशेष कार्यक्रम

**गंडई पंडरिया।** स्व. श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण



एवं व्याख्यान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. एनएस वर्मा ने महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को संविधान की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद जंघेल ने भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर एक प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता मोहित वर्मा और राजेश चतुर्वेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष टीएल वर्मा और आभार प्रदर्शन बीआर वर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, समस्त अतिथि व्याख्याता और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### परीक्षा संचालन के लिए बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 7 दिसंबर 2025 को



जल संसाधन के अंतर्गत आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा 2025 संचालन के लिए नियुक्त केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की बैठक ली। कलेक्टर यादव ने छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन के अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफलतापूर्वक परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए पर्यवेक्षकों एवं केन्द्राध्यक्षों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। उन्होंने सभी को अपने कर्तव्यों को अच्छे से निर्वहन करने कहा। उन्होंने व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं नियुक्त केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं वीक्षकों के दायित्वों एवं जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू सहित नियुक्त केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## एसआईआर के चारों विधानसभा की प्रगति रिपोर्ट पर डॉ. रमन ने ली बैठक

# शहर के नेता एसआईआर फार्म भरने में लोगों को करें जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज अपने प्रवास पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने एसआईआर गणना फार्म की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते कहा कि ग्रामीण की जनता मतदाता सूची के शुद्धिकरण में अपना नाम जोड़ने हेतु सजग है, परंतु शहर की जनता अपेक्षाकृत उदासीन है। इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भाजपा बीएलए एवं एसआईआर प्रभारी, मंडल अध्यक्ष तथा वरिष्ठ नेताओं की आवश्यक बैठक लेकर जिले के सभी मंडलों की गणना पत्र जमा होने के आंकड़ों की समीक्षा की। डॉ. सिंह ने शहर के नेताओं एवं सुधि जनता से आह्वान किया कि गणना पत्र भरने की तारीख नजदीक आ रही है और शहर की जनता अपने वोट देने के अधिकार से वंचित न हो जाए, इसलिए सभी लोग इस अभियान में गंभीरता से जुड़े और अपना फार्म अवश्य भरे।

बैठक में महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, सावन वर्मा एवं चारों विधानसभा के बीएलए मुकेश बघेल, जैन मेक्षाम, गुलशन हिरवानी, हीरेन्द्र साहू, डीकेश साहू एवं जिला उपाध्यक्ष तरूण लहरवानी ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।



### फार्म अवश्य भरे : मधुसूदन

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि 2003 की वोटर लिस्ट में नाम न होने पर भी फॉर्म अवश्य भरे, बाद में एक माह का समय दिया जाएगा। जिसमें 13 दस्तावेजों द्वारा वोटर का नाम प्रमाणित हो जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता एवं सुमित भाटिया ने भी गणना पत्र भरने में आ रही परेशानियों को साझा किया। बैठक में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, सचिन बघेल, रमेश पटेल, दिनेश गांधी, अशोक चौधरी, भावेश बैद, देवकुमारी साहू, प्रतिमा चंद्राकर, रोहित चंद्राकर, डॉ. बलराम निर्मलकर, कोमल साहू आदि उपस्थित थे।

### दिग्विजय स्टेडियम सचिव के अभाव में अनाथ

**राजनांदगांव।** दिग्विजय स्टेडियम के भूतपूर्व सचिव कुतबुद्दीन सोलंकी



ने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम सचिव के अभाव में अनाथ स्थिति में है। सोलंकी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयास से खेलो का स्तर बढ़ाने के लिए 57 करोड़ से स्टेडियम समिति का नवनिर्माण किया गया था। स्टेडियम में रखरखाव व सुरक्षा का पूर्णतः अभाव है। स्टेडियम में कई दुकानों का निर्माण किया गया है एवं स्टेट बैंक की मुख्य शाखा भी यहां संचालित है। कुछ ही समय यह एलआईसी की मुख्य शाखा प्रारंभ होने वाली है। सोलंकी ने कहा कि उन्हें 1996 में सर्वसम्मति से दिग्विजय स्टेडियम का सचिव नियुक्ति किया गया था, तब से 2012 तक दिग्विजय स्टेडियम का सचिव रहा एवं खेल और स्टेडियम कार्यों के लिए देशभर में ख्याति प्राप्त हुई थी। 2012 में राजनीतिक पूर्वाग्रह के कारण उस समिति को भंग कर दिया गया था, उसके बाद से समिति बिना सचिव के लावारिस ढंग से चल रही है। जिसका नुकसान यह होगा कि पिछले 7 वर्षों से नए स्टेडियम बनने के पश्चात कई खेलों व स्टेडियम की सभी सुविधाओं के स्थानीय खिलाड़ी वंचित है।

## शादी का झांसा देकर किया कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

शादी का झांसा देकर पीड़िता से कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 मार्च को गांव देहात जंगल क्षेत्र की पीड़िता को प्रेमजाल में फंसाकर शादी करने का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म किया। जिससे पीड़िता को 5 दिन का नवजात शिशु को जन्म दिया है कि स्वास्थ विभाग से सूचना मिलने पर 24 नवंबर को पीड़िता द्वारा एक लिखित आवेदन देने पर महिला संबंधित गंभीर अपराध को देखते संज्ञान में लेकर तत्काल आरोपी रूपेन्द्र यादव 24 साल निवासी देवारीभाठ के विरूद्ध धारा-69 बीएनएस 3(2)(ट)(क) एसटीएसी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया। पुलिस ने आरोपी का पता तलाश कर 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर राजनांदगांव जेल भेजा गया।

## काम्बिंग गश्त, असामाजिक तत्वों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को सुद्दढ करने के लिए पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बीती रात बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विशेष काम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान असमाजिक तत्वों से पूछताछ की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा 26 नवंबर को बसंतपुर में पुलिस जवानों को ब्रीफ कर काम्बिंग गश्त के लिए रवाना किया गया, जो रात 01 बजे तक जारी रही। कांबिंग गश्त में एएसपी राहुल देव शर्मा, सीएसपी पुष्पेंद्र नायक, डीएसपी अम्ब्रोस कुजुर, थाना बसंतपुर, कोतवाली और रक्षित केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी सहित 50 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल रहे।



### संदिग्धों की जांच

काम्बिंग गश्त के दौरान नंदई चौक, कुआं चौक, इंदिरा नगर, प्रभात नगर, जमातपारा और हाट बाजार में 25 गुंडा-बदमाश, निगरानी-बदमाश और असामाजिक तत्वों की जांच पुलिस द्वारा की गई। इसके बाद नंदई चौक और गौरवपथ पर एमसीपी लगाकर संदिग्ध वाहन, लोगों और सामान की जांच की गई।

## चोरी का पंप बरामद

**राजनांदगांव।** चोरी गई मोटर पंप को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस चौकी सुरगी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 25 नवंबर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि खोमलाल निषाद अपने दो दोस्त विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा चोरी गई मोटर पंप को छुपाकर रखा है, जिस पर आरोपी से पूछताछ करने पर घटनाकारित करना स्वीकार करने पर अभिरक्षा में लिया गया। विधि से संघर्षरत बालकों एवं आरोपी का मेमोरेंडम कथन लिया गया, जो अपने मेमोरेंडम कथन में 30 सितंबर को प्रार्थिया लेखनी सोनकर एवं रग्घू सोनकर का मोटर पंप 02 एचपी व केबल वायर चोरी कर एक मोटर पंप लोकेश यादव निवासी लखोली को 2500 में बेचकर तीनों दोस्त आपस में मिलकर मिले रुपयों को खर्च कर देना बताए। लेखनी सोनकर का मोटर पंप को खोमलाल के कब्जे से बरामद किया गया। प्रकरण के अन्य आरोपी लोकेश यादव फरार है। जिसकी पता तलाश की जा रही है। विधि से संघर्षरत बालकों एवं आरोपी खोमलाल निषाद को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# बेकाबू कार ने दो बाइक को रौंदा दो की मौत, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत आने वाला नेशनल हाईवे- 930 डेथ स्पॉट बन गया है। लगातार हो रही घटनाओं से मौतों का ग्राफ बढ़ते ही जा रहा है। इसी बीच बुधवार देर शाम एक और सड़क हादसे की खबर सामने आई है। यहां दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक युवती की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार मानपुर से करीब 3 किलोमीटर दूर तेज रफ्तार कार ने भारी कहर बरपाया है। भिलाई से पखांजूर की ओर जा रही कार ने सामने से आ रही दो बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पहली बाइक पर एक युवक और युवती सवार थे। दूसरी बाइक पर एक व्यक्ति अकेला सफर कर रहा था। टक्कर इतनी तेज थी कि कार ने दूर तक दोनों बाइक को घसीट दिया, जिस समय घटना घटित हुई उस समय मानपुर पुलिस द्वारा घटनास्थल से पहले यातायात को लेकर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान ही मानपुर पुलिस को खबर मिली कि आगे भीषण सड़क दुर्घटना हुआ है। जिसमें घायल सड़क पर बिखरे पड़े हुए हैं। तत्काल थाना प्रभारी बृजेश सिन्हा मौके पर पहुंचे, एम्बुलेंस पहुंचने की देरी होने पर अपनी गाड़ी में घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों को उठाने के दौरान थाना प्रभारी की वर्दी भी खून से लथपथ हो गया।



### घायल को किया मेडिकल कॉलेज रिफर

हादसे में घायलों को मानपुर पुलिस तत्काल सड़क से उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान दो की मौत हो गई। वहीं एक युवती की स्थिति नाजुक बनी हुई है। मृतक का नाम श्रवण टोप्पा खेडेगांव मानपुर और दीपक यादव रायसिंग साल्हे मोहला। जबकि प्रमिला मंडावी मिचगांव मोहला गंभीर रूप से घायल है, जिसे राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है।

### हो रहे लगातार हादसे

अब तक 4 साल के भीतर नवनिर्मित नेशनल हाईवे में मानपुर, खड़गांव, कोहका थाना अंतर्गत 47 किलोमीटर के दायरे में 80 से ऊपर दुर्घटना, 40 से ऊपर लोगों की मौत बताया जा रहा है। लगातार हो रहे हादसों से मानपुर इलाके में भारी आक्रोश है।

# नपं अध्यक्ष ने दिलाई शपथ आंबेडकर को किया नमन

## संविधान दिवस पर गंडई में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के सभागार में दोपहर 12 बजे संविधान दिवस का कार्यक्रम गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित किया गया। यह आयोजन राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर किया गया था, जिसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सशक्तिकरण और संविधान की प्रासंगिकता पर समूह चर्चा आयोजित करना था।



इस आयोजन में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने अन्य जनप्रतिनिधियों और उपस्थित महिला समूहों, विशेष रूप से स्वच्छता दीदियों के सामने भारतीय संविधान के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। खुसरो ने बताया कि 26 नवंबर 1949 को देश का संविधान पारित किया गया था, जिसे 26 जनवरी 1950 को पूरे देश में लागू किया गया। अध्यक्ष ने सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जनता के बीच में हमें सेवा करने का अवसर मिला है, इसलिए संविधान की यह किताब हमेशा हम सभी के सामने होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान संविधान के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की गई। इसके पश्चात, उपस्थित सभी लोगों को संविधान दिवस की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन मुख्य नगरपालिका अधिकारी अविनाश देवांगन ने किया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, पार्षद दिलीप ओगरे, अशोक पटेल, पार्षद प्रतिनिधि मनीष सोनी, नारायण चतुर्वेदी, सहित बड़ी संख्या में महिला समूह की दीदीयां उपस्थित थी।

## रमन रेडियम पट्टी वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह गुरुवार को बापूटोला वार्ड नंबर 1 राजनांदगांव में गौ-संरक्षण अभियान के अंतर्गत गौ संरक्षण के लिए रेडियम पट्टी वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने गौ संरक्षण के लिए मवेशियों के गले एवं सींग में रेडियम पट्टी लगाया। डॉ. सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार रक्षक संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा गौ संरक्षण अभियान के तहत गौ संरक्षण के लिए बहुत अच्छा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा नए गौशाला खोलना, बाल आश्रम, वृद्धा आश्रम, वृक्षारोपण तथा गौ संरक्षण के लिए घुमंतू मवेशियों के गले और सींग में रेडियम बेल्ट एवं पट्टी लगाई जा रही है। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों को बेहतर तरीके से कार्य करने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, जनप्रतिनिधिगण, संगठन के पदाधिकारीगण सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।









### गुड़ फैक्ट्री की आड़ में बनाई जा रही थी नकली देशी शराब, चार आरोपी गिरफ्तार

# नकली देशी प्लेन मदिरा बनाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के ग्रामीण अंचलों में स्थानीय एवं बाहरी लोगों द्वारा सैकड़ों की संख्या में संचालित निजी गुड़ फैक्ट्रियों में वर्षो से गुड़ के नाम पर बीयर कम्पनियों को बेंचने के लिए सीरा तो खुलेआम बनाया ही जा रहा है और अब इन निजी गुड़ फैक्ट्रियों में से एक में तो नकली देशी प्लेन मदिरा शराब बनाने का भी मामला सामने आ गया है।

इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में दे शी शराब की खाली बोतलें तथा नकली शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री बरामद की है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (1) ख, 34 (2), 35, 49क, 59 क आबकारी अधिनियम तथा धारा 318(4), 336(2), 336(3), 340(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना जारी है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को इस बात की भनक लगी थी कि कुछ लोग गुड़ फैक्ट्री की आड़ में नकली देशी शराब बनाने का अवैध कारोबार कर रहे हैं।

इस जानकारी के बाद पुलिस ने मौके पर दबिस देकर फर्जी तरीके से अवैध शराब बनाने तथा शराब की बोतलों में शासन द्वारा निर्धारित स्टीकर एवं रैपर कर उसे खपाने वाले गिरोह के आरोपी नंद कुमार कुर्रे पिता फागू राम, उम्र 34 वर्ष, निवासी, पोड़ी, चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला जिला कबीरधाम, इस्लाम उर्फ सुहू पिता अरमान खान, उम्र 45 वर्ष पोड़ी, चौकी पोड़ीथाना बोड़ला जिला कबीरधाम, शेख साजिद पिता शेख सिकंदर, उम्र 28 वर्ष, पोड़ी, चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला जिला कबीरधाम तथा छोटू उर्फ दिनेश चंद्रवंशी पिता मालिकराम, उम्र 26 वर्ष, कुसुमघटा चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला जिला कबीरधाम को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि नकली शराब बनाने में दो और स्थानीय साथी शामिल हैं, जिनमें से एक मादक पदार्थ गांजा प्रकरण में कल ही जेल भेजा जा चुका है, जबकि दूसरा अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि नकली पैकिंग सामग्री, होलोग्राम, लेबल पर्ची, केमिकल एवं ढक्कन झारखंड राज्य से इनके साथियों द्वारा उपलब्ध कराए जाते थे। इस बात से स्पष्ट है कि गिरोह का नेटवर्क अंतरराज्यीय स्तर पर संचालित था और अन्य राज्यों के अपराधियों की भी संलिप्तता की जांच की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (1) ख, 34 (2), 35, 49क, 59क आबकारी अधिनियम तथा धारा 318(4), 336(2), 336(3), 340(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना जारी है। ऐसे गिरोहों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और उनके अंतरराज्यीय नेटवर्क की जड़ तक पहुंचकर उन्हें समाप्त किया जाएगा।

**घर में चल रही थी अवैध व नकली शराब फैक्ट्री**



कार्यवाही के दौरान पुलिस ने आरोपी नंद कुमार कुर्रे के मकान पर छापा मारा। यहां नकली शराब का पूरा प्लांट संचालित पाया गया। गिरोह के सदस्य लंबे समय से दूसरे राज्य से पैकिंग सामग्री, ढक्कन, होलोग्राम, केमिकल और स्पिरिट मंगवाकर नकली देशी प्लेन शराब तैयार कर बेच रहे थे। इस अवैध तथा नकली शराब तैयार करने वाली फैक्ट्री से पुलिस ने 49 पाव नकली देशी प्लेन मदिरा, कुल मात्रा 8820 एमएल, नकली स्टिकर 6 बंडल, नकली होलोग्राम 8 पेज, खाली पाव बोतलें 7 बोरियां, नकली प्रिंटेड ढक्कन, 25 लीटर के 42 जरीकेन, पानी के 19 जार, 3 बॉटलिंग मशीन सहित अन्य अन्य अवैध पैकिंग सामग्री बरामद की है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दसरू को प्रदान की मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल



- संतु बैगा को मिला वैशाखी का सहारा, जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाने और उन्हें दैनिक जीवन में सहजता प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विधायक कार्यालय में दो हितग्राहियों को सहायक उपकरणों का वितरण किया। जिसमें उन्होंने ग्राम पंचायत लब्दा के ग्राम जोकपानी निवासी दसरू सिंह मरकाम को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्रदान किया। मोटरचालित इस ट्रायसाइकिल से अब दसरू आवागमन एवं अन्य दैनिक कार्य आसानी से कर पाएंगे। उन्होंने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनके जीवन में नई आशा और आत्मनिर्भरता का संबल बनेगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम झुरगी दादर के निवासी विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा से आने वाले संतु बैगा को एक जोड़ी बैसाखी प्रदान की गई। बैसाखी मिलने से संतु बैगा ने खुशी जताते हुए कहा कि अब वे दैनिक गतिविधियों में आसानी से बिना किसी के सहारे के स्वतंत्र रूप से कर सकेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी दिव्यांगजन सुविधा के अभाव में पीछे न रहे। सहायक उपकरण वितरण जैसी पहलें न केवल राहत देती हैं बल्कि लाभार्थियों में आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। उन्होंने प्रशासनिक टीम को निर्देशित किया कि ऐसे पात्र लोगों को चिन्हित कर निरंतर सहयोग उपलब्ध कराया जाए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### धान पंजीयन एवं रकबा संशोधन अब 30 तक

**कवर्धा।** खरीफ वर्ष 2025 अंतर्गत किसानों को धान बेचने में सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एकीकृत किसान पोर्टल में धान खरीदी के लिए पंजीयन एवं रकबा संशोधन की अंतिम तिथि में बढ़ोत्तरी करते हुए 30 नवंबर तक निर्धारित किया गया है। एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान/वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही के लिए 25 नवंबर तक अतिरिक्त समय का प्रावधान किया गया था, जिसे अब बढ़ाकर 30 नवंबर कर दिया गया है। यहीं नहीं अब समिति मॉड्यूल में किसानों की पंजीयन व रकबा संशोधन करवाने की सुविधा दी गई है। समिति लॉगिन व तहसील लॉगिन में अलग-अलग कार्यो का विकल्प दिया गया है, जिससे किसानों को पंजीयन और रकबा सुधार में आसानी हो।

### 3 दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प 3 दिसम्बर से प्रारंभ

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है। उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालय परिसर में 03, 04 एवं 05 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी को आवश्यक प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जिला न्यायालय रोड, कवर्धा, जिला कबीरधाम में उपस्थित हो सकते है।

# उपमुख्यमंत्री ने किया विजय शर्मा कवर्धा प्रीमियर लीग पोस्टर का विमोचन

### कवर्धा विधानसभा के 07 मंडलों की टीमें लेंगी हिस्सा



- प्रथम ईनाम 1 लाख 11 हजार रूपए, दूसरा ईनाम 51 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक नई पहल करते हुए उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज विधायक कार्यालय कवर्धा में विजय शर्मा कवर्धा प्रीमियर लीग के पोस्टर का बटन दबाकर विधिवत विमोचन किया।

इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं बल्ले से प्रतीकात्मक शॉट भी लगाया। यह प्रतियोगिता विधानसभा स्तर पर आयोजित होने जा रही है जिसका आगाज आगामी 13 दिसंबर से होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें कवर्धा विधानसभा के 07 मंडलों की टीमें हिस्सा लेंगी। ग्रामीण मंडल को ग्राम पंचायत वार और कवर्धा शहर को वार्डों से वार्डवार टीमों का गठन किया गया है। प्रतियोगिता टेनिस बॉल क्रिकेट मैच के रूप में खेली जाएगी।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कवर्धा विधानसभा के सभी 07 मंडलों की टीमों के लिए तैयार विशेष मैच जर्सी को भी विधिवत लॉन्च किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में पहली बार ऐसी प्रतियोगिता होने जा रही है, जिसमें केवल युवा ही नहीं बल्कि बुजुर्ग खिलाड़ी भी अपने-अपने वार्ड से हिस्सा ले सकेंगे।

इससे समाज में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बनेगा और नई पीढ़ी को फिटनेस एवं अनुशासन का संदेश मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं सामाजिक समरसता को भी मजबूत करती हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चद्रवंशी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, खिलेश्वर साहू सहित जनप्रतिनिधि, युवा, खिलाड़ी उपस्थित थे। प्रतियोगिता को और अधिक रोचक बनाने के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की गई है। विजेता एवं उपविजेता टीमों के साथ-साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम ईनाम 1 लाख 11 हजार रूपए, दूसरा ईनाम 51 हजार और तीसरा ईनाम 31 हजार रूपए है। पोस्टर विमोचन के बाद क्षेत्र के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। खिलाड़ियों ने इस आयोजन के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का अवसर पहली बार मिला है, जिससे क्षेत्र की छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।

# नगर पंचायत में आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक प्रशासन की लापरवाही पर लोगों में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन कुत्तों द्वारा राहगीरों पर झपट्टा मारने और बच्चों पर हमला करने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे आमजन में दहशत का माहौल बना हुआ है। मोहल्लों और मुख्य बाजार क्षेत्रों में कुत्तों के झुंड खुले आम घूमते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शाम ढलते ही हालात और भी खतरनाक हो जाते हैं, क्योंकि कुत्तों की संख्या सड़क पर अचानक बढ़ जाती है और कई बार वे दोपहिया वाहन चालकों को भी पीछा कर काटने का प्रयास करते हैं। लोगों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार नगर पंचायत प्रशासन और संबंधित विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति में किसी तरह का सुधार नहीं दिख रहा है।



सबसे हैरानी की बात यह है कि आवारा पशुओं पर नियंत्रण के संबंध में न्यायालय द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाने के बावजूद उन पर अमल नहीं किया जा रहा है। इससे नागरिकों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों के परिजन तो खास तौर पर परेशान हैं। कई परिवारों ने बताया कि उनके बच्चे सुबह-सुबह कुत्तों के झुंड से डरकर घर से बाहर निकलने से कतराते हैं। कुछ क्षेत्रों में कुत्तों के हमले से घायल लोगों का इलाज भी अस्पतालों में कराया गया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही, न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए कुत्तों के टीकाकरण, नसबंदी और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिक बिना डर-भय के अपने दैनिक कार्य कर सकें। प्रशासनिक उदासीनता के चलते जनता में बढ़ता भय अब चिंता का गंभीर विषय बन चुका है।

# आपकी पूंजी, आपका अधिकार शिविर का आयोजन 28 को

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य में वित्तीय सेवा विभाग, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत आप की पूंजी, आपका अधिकार जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष पर जिला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन 28 नवंबर को पीजी कॉलेज कैंपस डोम में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा।

इस शिविर का आयोजन सभी बैंक, बीमा, पेंशन, प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और अवैतनिक निधि का योगदान रहेगा। इन शिविरों में नागरिकों को अनक्लेम्ड जमा, बीमा दावे, डिविडेंड, शेयर एवं म्यूचुअल फंड और पेंशन राशि प्राप्त करने हेतु डिजिटल हेल्पडेस्क और सहायता काउंटर उपलब्ध कराए जाएंगे। आवश्यकतानुसार लाभार्थी दावेदार के केवाईसी अपडेट, दावा प्रपत्र भरने और दस्तावेज सत्यापन में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा।

जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में शामिल होकर इस जनकल्याणकारी पहल का लाभ उठाएं।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, छत्तीसगढ़ ने इस पहल के माध्यम से नागरिकों को उनके जमा पूंजी और निवेश के अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सुविधाजनक तरीके से लाभ दिलाने का संकल्प लिया है।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**स लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में गत बुधवार को जनजाति समाज का गौरवशाली इतिहास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. केएस परिहार की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनजाति विरासत को संरक्षित करने और अतीत में आदिवासी समाज के योगदान को सम्मान देने के महत्व पर प्रकाश डालना है। इसी उद्देश्य को लेकर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम जैसे नृत्य, भाषण, गायन, आदिवासी वेशभूषा, चित्रकला, रंगोली का आयोजन किया गया तथा प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विदेशी राम धुर्वे, विशिष्ट अतिथि के रूप में फागुराम मरकाम, सुखदेव ठाकुर, मनीराम छेदावी, मुख्य वक्ता के रूप में राधे श्याम चंद्रवंशी, कार्यक्रम जिला संयोजक रघुवीर मेरावी, जन भागीदारी सदस्य परेटन वर्मा, हेमंत ठाकुर, संदीप नाथ योगी, सुधांशु मिश्रा, पूर्व सरपंच मनोज वैष्णव, सुदर्शन, लक्ष्मण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री काजल साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से संदीप कुमार सोनकर , जनजाति संयोजक विवेक चौहान, उप संयोजक जेएल मरकाम, सुश्री अंजू महोबिया, डॉ ज्योति चंद्रवंशी, श्रीमती आभा जोशी, दीपक पटेल, गौरव जायसवाल, डॉ खिलेश्वरी चंद्रवंशी, डॉ. रुपेश कुमार वर्मा, विवेक चौहान, गिरधारी वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा, कामिनी चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, बोड़ला में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# जीएसव्हीसी बोड़ला में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सचिव रेडक्रॉस डॉ. डीके तुर्रे के मार्गदर्शन में 27 अक्टूबर को शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, बोड़ला में यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश पाठक के निर्देशन में रेडक्रॉस प्रभारी प्राध्यापक सनत कुमार देवांगन के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य प्रशिक्षक डॉ. हर्षित तिवारी नोडल अधिकारी एनसीडी जिला चिकित्सालय कबीरधाम रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार की सही तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने घावों की प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर, हड्डी टूटने की स्थिति में प्राथमिक सहायता तथा आकस्मिक परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने के महत्वपूर्ण तरीके बताए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक के रूप में जीवन कौशिक जोनल अधिकारी 108 आपातकाल कबीरधाम एवं बलराम साहू जिला समन्वयक रेड क्रॉस राज्य प्रतिनिधि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और विद्यार्थियों को व्यावहारिक अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्राथमिक सहायता के महत्व को समझा। प्रतिभागियों ने इस तरह के प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। इस कार्यक्रम पर महाविद्यालय के प्राध्यापक राकेश गौतम, योगेश ध्रुव, शंकर साहू, बलदाऊ यादव, वसुमित्र शुक्ल उपस्थित थें।



# तरेगांव जंगल में स्वच्छ भारत कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम कबीरधाम ने तरेगांव जंगल स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में स्वच्छ भारत जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छ आदतों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों को स्वच्छता पर आधारित शिक्षाप्रद वीडियो प्रदर्शन से हुई, जिसे प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। बच्चों ने रुचि के साथ वीडियो देखा और स्वच्छता के महत्त्व को समझा। इसके बाद टीम द्वारा खेल, कविता, बैनर निर्माण तथा चित्रकला जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से स्वच्छता संदेश को सरल एवं मनोरंजक तरीके से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण हाथ धोने की सही विधि का डेमो एवं रिडेमो रहा, जिसमें बच्चों को चरणबद्ध तरीके से साफ-सफाई अपनाने की जानकारी दी गई। इससे बच्चों में वास्तविक व्यवहार परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई। एसबीआई संजीवनी टीम द्वारा प्रधान पाठक एवं विद्यालय स्टाफ को बच्चों के लिए स्वच्छता सामग्री प्रदान की गई। टीम ने इन सामग्रियों के उपयोग एवं विद्यालय में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के उपायों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। इस पूरे कार्यक्रम में 115 छात्र-छात्राओं तथा 6 शिक्षक/शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक ने एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम, कबीरधाम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास तथा स्वच्छ भारत अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

